Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of an Indoor Sports Stadium of international level at Chittorgarh district headquarters-laid.

श्री सी.पी. जोशी (चित्तौड़गढ़): मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ (राजस्थान) में इंडोर खेल स्टेडियम की जरूरत की ओर आकृष्ट कराना चाहता हूँ। चित्तौडगढ़ में प्रतिभावान खिलाड़ियों की कमी नहीं है लेकिन कोई इन्डोर स्टेडियम नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को उत्तम प्रशिक्षण नहीं मिल पाता है और वे अपने आप को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अनुसार नहीं ढाल पा रहे हैं। इस कारण प्रतिभा होने के बावजूद वे राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं। मेरा संसदीय क्षेत्र जो कि वीरों की भूमि रही है वहां अनेक पहलवान तैयार हुये हैं तथा विगत वर्ष में भी राष्ट्रीय स्तर की कुश्ती प्रतियोगिता की मेजबानी यह शहर कर चुका है।

अतः मेरा सरकार से आग्रह है कि प्रतिभावान खिलाड़ियों के हितों को ध्यान में रखते हुये चित्तौड़गढ़ जिला मुख्यालय में अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप एक इन्डोर खेल स्टेडियम का निर्माण कराया जाए।